# मोदी आज देंगे 35 हजार करोड़ की सौगात

आजमगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को आजमगढ़ से देश को 34676.29 करोड़ की 782 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान आजमगढ़ समेत प्रदेश में बनकर तैयार पांच नए एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। साथ ही आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में तीन नए एयरपोर्ट के निर्माण की आधारशिला भी रखेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर करीब 12 बजे मंदुरी एयरपोर्ट पहुंचंगे। इसके बाद कार से वह करीब पांच सौ मीटर दूर आजमगढ़-अयोध्या हाईवे के किनारे बने जनसभा स्थल पर जाएंगे।

- यूपी के पांच एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे मोदी
- आजमगढ़ को सुहेलदेव विश्वविद्यालय का तोहफा

मंच से ही बटन दबाकर वह 782 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें नागरिक उड्डयन की 9804.99 करोड़ की कुल 15 परियोजनाएं, रेलवे की 8176 करोड़ की 11, जलशक्ति मंत्रालय की 1114.24 करोड़ की तीन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 11475 करोड़ की पांच, प्रधानमंत्री शहरी आवास की 264.90 करोड़ की दो, ग्रामीण विकास की 3702 करोड़ की 744 और स्टेट सेक्टर की 139.16 करोड़ की दो परियोजनाएं शामिल हैं।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आजमगढ़ के यशपालपुर आजमबांध में 108.06 करोड़ से बने महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय और 31.10 करोड़ से बनी गाजीपुर-आजमगढ़ हाईवे से विश्वविद्यालय जाने वाली फोरलेन सड़क का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर 12 से डेढ़ बजे तक करीब डेढ़ घंटे तक आजमगढ़ में रहेंगे।

## प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां परखीं

आजमगढ़। आजमगढ़ के मंदुरी एयरपोर्ट के सामने रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को आजमगढ़ पहुंचे। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार के साथ जिला प्रशासन से उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की मिनट टू मिनट जानकारी ली। इस दौरान सीएम ने कहा कि एयरपोर्ट पर आजमगढ़ के धार्मिक स्थलों की झलक दिखनी चाहिए।